समाचार

सरकार तुहर द्वार – वृहद समाधान शिविर

महापौर ने आयुक्त के साथ शिविर स्थल पहुंचकर लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों का किया मार्गदर्शन

(कोरबा व टी.पी.नगर जोन हेतु 11 मई बुधवार को साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर में आयोजित होगा शिविर)

(महापौर ने वार्ड पार्षदों व एल्डरमेनबधुओं से शिविर में पहुंचने की अपील)

कोरबा 10 मई 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय एवं अन्य अधिकारियों के साथ साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में 11 मई बुधवार को आयोजित होने जा रहे वृहद समाधान शिविर की तैयारियों का निरीक्षण किया, की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा तैयारियों के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। वहीं महापौर श्री प्रसाद ने निगम के एम.आई.सी.सदस्यों, संबंधित वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनबंधुओं उसे अपील की है कि वे शिविर स्थल पर अपनी उपस्थिति प्रदान करें तथा वार्ड के नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं के संबंध में उनका मार्गदर्शन करते हुए शिविर को अपना सहयोग दें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि '' सरकार तुहर द्वार '' की तर्ज पर नगर निगम कोरबा सहित जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनशिकायत निवारण वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया जाना हैं, इस कड़ी में नगर निगम कोरबा के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 16 तक के लिए साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में 11 मई बुधवार को वृहद समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियॉ अंतिम चरण में है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ साडा कन्या स्कूल पहुंचकर शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने जिले के समस्त विभागों एवं नगर निगम कोरबा के स्थापित किए गए काउंटरों का निरीक्षण किया, बैठक व्यवस्था को देखा, शिविर में भोजन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था व स्वच्छता संबंधी तैयारियों का निरीक्षण किया

तथा व्यवस्थाओं की बेहतरी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कोरबा व टी.पी.नगर जोन के वार्ड क्र. 01 से 16 तक से आमलोगों द्वारा जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं व शिकायतों के संबंध में दिए गए आवेदनों एवं उनके निराकरण की जोनवार जानकारी ली, उन्होने विशेष रूप से निगम की विभिन्न सेवाओं से जुड़े कार्यो यथा सड़क, नाली, पेयजल, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट, पेंशन प्रकरण, अतिक्रमण, राशन कार्ड, बिजली, नल कनेक्शन, निर्माण मरम्मत सहित अन्य कार्यो से संबंधित मांगों, शिकायतों व समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों व उनका किए गएए निराकरण एवं की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेते हुए समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला व विनोद शांडिल्य, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, विवेक रिछारिया, एच.आर.बघेल, विनोद गोंड़, हरिशंकर साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनबंधुओं से शिविर में पहुंचने हेतु महापौर ने की अपील – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने साडा क न्या स्कूल में बुधवार को लगने वाले वृहद समाधान शिविर में पहुंचने एवं अपनी समस्याओं का निराकरण पाने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है कि शिविर स्थल पर भी समस्याओं व शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाकर उनका यथासंभव निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, अतः संबंधित वार्डो के नागरिकबंधु शिविर में पहुंचे, अपनी समस्याओं व शिकायतों का आवेदन दें ताकि उनका उचित निराकरण किया जा सके। महापौर श्री प्रसाद ने निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, संबंधित वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनबंधुओं से भी अनुरोध किया है कि वे शिविर स्थल पर अपनी उपस्थिति प्रदान करें तथा वार्ड के नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं के संबंध में उनका मार्गदर्शन करें।